Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to expedite the process and arrangements for the written exam for the recruitment in Army and CISF Rajasthan .

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): महोदय, मैं आपके माध्यम से सेना भर्ती रैलियों के गंभीर विषय को लेकर माननीय रक्षा मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराना चाहूँगा।

महोदय, राजस्थान के जोधपुर सेना भर्ती कार्यालय की ओर से उदयपुर में 8 से 27 फरवरी 2021 तक प्रदेश के 11 जिलों के लिए सेना भर्ती हुई, जिसमें बाड़मेर, जैसलमेर, सिरोही, जोधपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, प्रतापगढ़, पाली और जालौर सहित नागौर जिले के अभ्यार्थी शामिल हुए थे। इस भर्ती में ग्राउंड फिट युवाओं की लिखित परीक्षा 25 अप्रैल को होनी थी, लेकिन अब तक 7 बार इस लिखित परीक्षा को स्थगित किया जा चुका है और अभी तक भी यह परीक्षा नहीं हुई है।

युवाओं की माँग है कि लिखित परीक्षा जल्द से जल्द कराई जाए।

महोदय, इसी तरह राजस्थान के जयपुर सेना भर्ती कार्यालय की ओर से जयपुर के कुंडा स्थित सीआईएसएफ कैंप मैदान में 8 से 31 मार्च, 2021 तक और कोटा सेना भर्ती कार्यालय की ओर से 11 जुलाई से 2 अगस्त, 2021 तक अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली में सेना भर्ती हुई थी।

इन दोनों भर्तियों की लिखित परीक्षा भी अभी तक नहीं कराई गई है। कोटा एआरओ की भर्ती में आठ जिले, अजमेर, बारां, बूंदी, भीलवाड़ा, चितौड़गढ़, झालावाड़, कोटा एवं राजसमंद जिलों की भर्ती हुई। साथ ही इसी भर्ती में कुछ पदों पर पूरे प्रदेश के युवाओं ने भाग लिया था। इसी तरह जयपुर सेना भर्ती में जयपुर, सीकर और टोंक जिले के युवाओं ने भाग लिया था, लेकिन अभी तक इन तीनों सेना भर्तियों की लिखित परीक्षा नहीं कराई गई है।

महोदय, अंत में, मैं कहना चाहूँगा कि रिक्रूटिंग ईयर 2020 के तहत प्रदेश के पाँच में से सिर्फ तीन सेना भर्ती कार्यालय, जयपुर, जोधपुर और कोटा के तहत आने वाले जिलों के युवाओं की ही सेना भर्ती कराई गई । जबकि शेष दो सेना भर्ती कार्यालय अलवर और झुंझुनूं की सेना भर्ती नहीं कराई गई, जिसमें अलवर सेना भर्ती में प्रदेश के जिले भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा और अलवर के युवाओं की भर्ती नहीं हुई । वहीं झुंझुनूं सेना भर्ती कार्यालय … (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री दिलेश्वर कामैत ।

श्री हनुमान बेनीवाल: सर, मुझे आधा मिनट दे दीजिए । मुझे अपनी बात समाप्त करने दीजिए ।

माननीय सभापति : आप अपनी बात खत्म कीजिए ।

श्री हनुमान बेनीवाल: झुंझुनूं सेना भर्ती कार्यालय के तहत आने वाले जिले हनुमानगढ़, गंगानगर, चुरू, झुंझनूं और बीकानेर के युवाओं के लिए साल 2020 में सेना भर्ती नहीं कराई गई । अब साल 2021 भी खत्म होने को आया है, अभी तक इनकी सेना भर्ती नहीं कराई गई हैं । ऐसे में देश सेवा का जज्बा लिए हजारों युवा समय पर सेना भर्ती नहीं होने से ओवर एज हुए हैं । इन युवाओं को कम से कम दो साल उम्र में छूट प्रदान की जाए ।

अंत में, मैं यह कह रहा हूं कि जब कोरोना काल के अंदर रैलियां हो रही हैं, चुनाव प्रचार हो रहा है, सब कुछ हो रहा है तो सेना भर्ती भी आवश्यक रूप से होनी चाहिए । देश का जवान सेना के अंदर जाना चाहता है ।